# बोर्ड कृतिपत्रिका: मार्च २०१८

## हिंदी लोकवाणी

**Time : 2 Hours** **Max. Marks : 40**

**सूचनाएँ:**

(1) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें।


(3) रचना विभाग तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।

(4) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

**विभाग 1 – गद्य :** **12**

**1. (क) परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **6**

(1) संजाल पूर्ण कीजिए: **(2)**




COEPian's ACADEMY™
We are a 'class' apart...

मदर टेरेसा द्वारा स्थापित कोलकाता के 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' के मुख्यालय का नाम उनके नाम पर ही 'मदर हाउस' रखा गया। इस संस्थान ने विश्व भर के दीन-दुखियों और बेसहारों के लिए अनाथालयों, आश्रमों और औषधालयों की स्थापना की। भारत के साथ-साथ रोम और वेनेजुएला में भी इस संस्था के कई तरह के सेवाकार्य चलाए हैं, जैसे- कुष्ठ रोगियों के लिए 'कुष्ठ निवारण केंद्र', अनाथ नवजात शिशुओं के लिए 'निर्मल शिशुभवन', फुटपाथों पर रहने वालों के लिए 'निर्मल ह्रदय', गरीब वर्ग के लोगों - जो खाली नारियल के रेशों से रस्सियाँ और पावदान बनाने वाले दस्तकार हैं - के लिए 'प्रेमदान' तथा ग्राम्यांचलों में 'सचल दवाखाना' इत्यादि प्रमुख हैं।

(2) उत्तर लिखिए:

(i) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द **(1)**

(1) अनाथ लोगों के लिए रहने का स्थान →

(2) नारियल के रेशों से चीजें बनाने वाला →

(ii) वचन परिवर्तन: **(1)**

(1) आश्रम (2) रस्सी।

(3) 'मदर टेरेसा - एक महान समाजसेविका' पर अपने विचार लगभग 6 से 8 वाक्यों में लिखिए। **(2)**

**(ख) परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **6**

(1) उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए: **(2)**

१. खरगोश को सबसे अच्छा मानने लगे और आदर से ................ भी करने लगे।
(नमन/प्रणाम/वंदन)

२. ऊदबिलाव बड़ा ................ था।
(अकलमंद/होशियार/बुद्धिमान)

> वन के सभी जानवर खरगोश की बातों में आ गए। वे सचमुच खरगोश को सबसे अच्छा मानने लगे और आदर से नमन भी करने लगे।
>
> उसी वन में एक ऊदबिलाव भी रहता था। ऊदबिलाव बड़ा बुद्धिमान था। उसे यह विश्वास न हुआ कि खरगोश रेलगाड़ी से भी तेज दौड़ सकता है।
>
> फिर भी ऊदबिलाव चुप ही रहा, क्योंकि जंगल के सभी जानवर खरगोश की प्रशंसा करते थे। वे यही मानते थे कि खरगोश रेलगाड़ी से भी ज्यादा तेज दौड़ सकता है।
>
> ऊदबिलाव तरकीब पर तरकीब सोचने लगा।

(2) (i) निम्नलिखित शब्दों के लिए समानार्थी शब्द परिच्छेद से ढूँढ़कर लिखिए: **(1)**

(1) प्राणी = ..................................

(2) युक्ति =..................................

(ii) लिंग पहचानकर लिखिए: **(1)**

(1) भरोसा = ..................................

(2) तारीफ =..................................

(3) 'घमंड से आत्मघात' विषय पर अपने विचार लगभग 6 से 8 वाक्यों मे लिखिए। **(2)**

**विभाग 2 – पद्य :** **10**

COEPian's ACADEMY™
We are a 'class' apart...

**2. (क) पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **5**

(1) उत्तर लिखिए: **(2)**

(1) वंशी के धुन जैसी →

(2) कोकिल की बानी →

(3) कोकिल के बैठने का स्थान →

(4) कोकिल का खाद्य →

> सम्मुख आमवृक्ष के ऊपर, देखो वह आती है उड़कर।
> बोलो मत, उँगली न उठाओ, आओ वहीं चलें, सब आओ।
> मीठी तान कान में ऐसे, आती है वंशी धुनि जैसे।
> सिर ऊँचा कर मुख खोले है, कैसी मृदु बानी बोले है।
> इसमें एक और गुण भाई, जिससे यह सबके मन भाई।
> यह खेतों के कीड़े सारे, खा जाती है बिना विचारे।

(2) विरुद्धार्थी शब्द पद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए: **(1)**

(1) नीचा × (2) कठोर ×

(3) 'पर्यावरण और पक्षी' विषय पर अपने विचार लगभग 6 से 8 वाक्यों में लिखिए। **(2)**

**(छ) पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए:** **5**

(1) चौखट पूर्ण कीजिए: **(1)**

(i) स्वतंत्रता के मौके पर पृथ्वी पर उतर आए- → [ ] → [ ]

(ii) स्वतंत्रता के पर्व पर कवि द्वारा नन्हें-मुन्नों को आवाहन → [ ] → [ ] **(1)**

सूरज-चाँद उतर आए ज्यों,
उनको भी त्योहार भा गया!
नाचो, गाओ धूम मचाओ,
फिर प्यारा त्योहार आ गया।
नन्हें-मुन्नें आओ-आओ,
नन्हें-नन्हें कदम बढ़ाओ।
स्वतंत्रता के नए पर्व पर,
भारत माँ की जय-जय गाओ।
सभी दिनों से यह दिन सुंदर,
सबके मन का प्यार पा गया!
नाचो, गाओ, धूम मचाओ,
फिर प्यारा त्योहार आ गया।

COEPian's ACADEMY™
We are a 'class' apart...

(2) आकृति पूर्ण कीजिए: **(1)**

निम्न शब्दों के लिए पद्यांश में प्रयुक्त शब्द

| आजादी | माता |
|---|---|
| [ ] | [ ] |

(3) 'राष्ट्रीय त्योहार' विषय पर अपने विचार लगभग 6 से 8 वाक्यों में लिखिए: **(2)**

## विभाग 3 – व्याकरण **6**

**3. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **6**

(1) मानक वर्तनी के अनुसार शब्द लिखिए: **(1)**

(i) न्यायलय | न्यायालय | न्यायआलय | नायालय

(ii) भरमण | भ्रमन | भरमन | भ्रमण

(2) निम्नलिखित अव्यय का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए: **(1)**

अचानक।

(3) (i) काल पहचानिए: **(1)**

लड़की मुहावरे से गलत रो रही है।

(ii) काल परिवर्तन कीजिए: **(1)**

अँधेरा घिर गया। (पूर्ण वर्तमानकाल)

(4) (i) अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए: **(1)**

(पछाड़ देना, निराश होना, खून खौलना)


आतंकवाद का नाम सुनते ही <u>बहुत गुस्सा आता</u> है।

(ii) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए: **(1)**

टूट जाना।

## विभाग 4 – रचना विभाग **12**

**4. (1) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए:** **4**




(2) सरल हिंदी में अनुवाद कीजिए: **4**

COEPian's ACADEMY
We are a 'class' apart...

(1) Where are you going?
(2) Jawaharlal Nehru was the first Prime Minister of India.
(3) Try again and again.
(4) Save water.

(3) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए (लगभग 60 से 80 शब्दों में): **4**

एक लालची आदमी – कड़ी तपस्या करना – देवता का प्रसन्न होना – वरदान – दौड़ते हुए जहाँ तक पहुँचोगे उतनी जमीन तुम्हारी – थक कर गिरना – मृत्यु – सीख।